CTETStudyMaterial.in

शिक्षा

मनोविज्ञान

Education group

Created By

Vijendra Rathore

EDUCATION PSYCHOLOGY

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

इकाई – I

शिक्षा मनोविज्ञान

Educational Psychology

- शताब्दियों पूर्व मनोविज्ञान को दर्शनशास्त्र की एक शाखा के रूप में माना जाता था।
- मनोविज्ञान को स्वतन्त्र विषय बनाने के लिए इसे परिभाषित करना प्रारम्भ किया गया।
- Psychology शब्द की उत्पत्ति (गेरेट के अनुसार) ग्रीक/लैटीन भाषा के दो शब्दों से Psyche+Logos से मिलकर हुई हैं।

  यहाँ Psyche का अर्थ :– आत्मा तथा

  Logos का अर्थ :– अध्ययन करना हैं।

- आत्मा शब्द को आधार मानकर 16वीं शताबदी में सर्वप्रथम **(प्लेटो, अरस्तु, डेकार्टे)** के द्वारा मनोविज्ञान को आत्मा का विज्ञान माना।
- आत्मा शब्द की स्पष्ट व्याख्या नहीं होने के कारण 16वीं शताब्दी कें अन्त में यह परिभाषा अमान्य हो गई।

- 17वीं शताब्दी में **इटली के मनौविज्ञान पॉम्पानोजी व सहयोगी थासडरीड** ने मनोविज्ञान को **मन या मस्तिष्क** का विज्ञान माना।
- बाद में यह परिभाषा भी अमान्य व अपूर्ण अर्थ होने के कारण 18वीं शताब्दी में अमान्य हो गई।

  19वीं शताब्दी में विलियम वुण्ट, विलियम जेम्स, जेम्ससली टिचनर, वाइव्स आदि के द्वारा मनोविज्ञान को चेतना का विज्ञान माना।
- यह परिभाषा भी अपूर्ण अर्थ होने के कारण अमान्य कर दी गई।

- विलियम वुण्ट ने जर्मनी के लिपजिंग शहर में **(कार्ल मार्क्स वि. विद्यालय)** 1879 को प्रथम मनौविज्ञान प्रयोगशाला भारत में 1915 कलकत्ता में सेन गुप्त द्वारा स्थापित प्रथम मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला स्थापित की। इसलिए **विलियम वुण्ट** को ''प्रयोगात्मक मनोविज्ञान'' का **जनक** माना जाता है।
- विलियम मेग्डूगल ने अपनी पुस्तक **Outline Psychology** में चेतना शब्द की निंदा की।
- 20वीं शताब्दी में मनोविज्ञान को **''व्यवहार का विज्ञान''** माना गया है। और आज तक यही परिभाषा प्रचलित है। व्यवहार का विज्ञान मानने वाले प्रमुख मनोवैज्ञानिक वाटसन और इनके अलावा वुडवर्थ, स्किनर, मेग्डूगल व थार्नडाइक आदि।

- **वाटसन का कथन** :– ''तुम मुझे एक बालक दो मैं उसे वो बना सकता हूँ जो मैं बनाना चाहता हूँ।''

- **वुडवर्थ के अनुसार** :– ''मनोविज्ञान ने सर्वप्रथम अपनी आत्मा का त्याग किया। फिर मन व मस्तिष्क का त्याग किया फिर उसने अपनी चेतना का त्याग किया और आज वर्तमान में मनोविज्ञान व्यवहार के विधि स्वरूप को स्वीकार करता हैं।''
- **मेग्डुगल के अनुसार** :– ''मनोविज्ञान व्यवहार व आचरण का विज्ञान है।''

विजेन्द्र राठौड़

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

- **स्किनर** :– ''मनोविज्ञान व्यवहार व अनुभव का विज्ञान हैं।''

- **वाटसन के अनुसार** :– ''मनोविज्ञान व्यवहार का शुद्ध, निश्चित, सकारात्मक, धनात्मक विज्ञान हैं।''

- **क्रो एण्ड क्रो के अनुसार** :– ''मनोविज्ञान मानव व्यवहार और मानव संबंधों का अध्ययन हैं।''

- **मन के अनुसार** :– ''आधुनिक मनोविज्ञान का संबंध व्यवहार की वैज्ञानिक खोज हैं। ''

- **स्किनर** :– शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापकों की तैयारी की आधार शिला हैं।

मनोविज्ञान की मुख्य शाखाएँ/क्षेत्र

1. सामान्य मनोविज्ञान
2. असामान्य मनोविज्ञान
3. तुलनात्मक मनोविज्ञान
4. प्रयोगात्मक मनोविज्ञान
5. समाज मनोविज्ञान
6. औद्योगिक मनोविज्ञान
7. बाल मनोविज्ञान/बाल विकास
8. किशोर मनोविज्ञान
9. प्रौढ मनोविज्ञान
10. विकासात्मक
11. निदानात्मक/उपचारात्मक/क्लिनिक मनोविज्ञान
12. परा मनोविज्ञान (आधुनिक शाखा)
13. पशु मनोविज्ञान
14. शिक्षा मनोविज्ञान

विजेन्द्र राठौड़

शिक्षा मनोविज्ञान

- मनोविज्ञान शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम **रुडोल्फ गोयकल** को जाता हैं।

- विलियम जेम्स ने दर्शन शास्त्र से **मनोविज्ञान का मुक्त** कराया।

- और अमेरिका में मनोविज्ञान के जनक **विलियम जेम्स** ही हैं मनोविज्ञान की शाखा शिक्षा मनोविज्ञान की उत्पत्ति **1900** ई. में मानी जाती हैं।

- बाद में थार्नडाइक, जड़, टरमन, प्रोबेल, हरबल आदि के प्रयासों से 1920 में शिक्षा मनोविज्ञान को स्पष्ट स्वरूप प्राप्त हुआ।

प्रथम शैक्षिक मनोवैज्ञानिक **थार्नडाइक** को माना जाता हैं। शिक्षा में मनौविज्ञानिक दृष्टिकोण का सूत्रपात रूसो ने किया। उन्होने अपनी पुस्तक E-mail में लिखा है। **शिक्षा संस्कृत के शिक्ष् धातु से बना।**

- **रुसो के अनुसार** :– ''बालक एक पुस्तक के समान है जिसका अध्ययन प्रत्येक अध्यापक को करना चाहिए।''

- **क्रो एण्ड क्रो** :– ''शिक्षा मनोविज्ञान जन्म से वृद्धावस्था तक एक व्यक्ति के सीखने के अनुभवों का वर्णन और व्याख्या करता है।''

- **फ्रोबेल के अनुसार** :– ''शिक्षा एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक बालक अपनी जन्मजात शाक्तियों का विकास करता हैं।''

- **स्किनर के अनुसार** :– '' मनोविज्ञान शिक्षा का आधार भूत विज्ञान हैं।''

- **ट्रो के अनुसार** :– ''शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षणिक प्रस्तुतियों का मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन हैं।''



- आर्थत् शिक्षा का अर्थ होता है। बालक की अर्न्तनिहित योग्यताओं को बाहर निकालकर उसके व्यवहार में परिवर्तत करना है।
- Education शब्द की उपत्ति लेटिल भाषा के दो अन्य शब्दों से भी मानी जाती है।
  1. Educare
  2. Educere
- Educare यहाँ का अर्थ होता है। पालन पोषन करना Educere का आगे बढाना ।
- अर्थात मानव व्यवहार का अध्ययन कर उसमें परिवर्तन या परिमार्जन करना ही शिक्षा मनोविज्ञान है।

- **शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति**
  1. शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति वैज्ञानिक है।
  2. इसमें नियम व सिद्धांत का प्रयोग किया जाता है।
  3. किसी भी वैज्ञानिक पद्धति में हम उसका अध्ययन करते है। जिसका निरीक्षण किया जा सकता है। अतः शिक्षा मनोविज्ञान व्यवहार का अध्ययन करता है। जिसका कि निरीक्षण किया जा सकता है।

विजेन्द्र राठौड़

4. शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के व्यवहारात्मक पक्ष का शैक्षणिक परिस्थितियों में अध्ययन करता है।
5. शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन करता है।
6. शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक (विद्यायक) विज्ञान है।
   जो शिक्षा के कब कैसे और कहा आदि प्रश्नों के उत्तर पर ध्यान केन्द्रित करता है।
7. शिक्षा मनोविज्ञान अतीत की अपेक्षा वर्तमान की घटनाओं से क्या और क्यों से सम्बन्धित है।
8. इसके नियम व सिद्धांत सार्वभौमिक होते है।
9. इसके द्वारा भाविष्यवाणी की जा सकती है।

- **शिक्षक के लिए शिक्षा मनोविज्ञान की उपयोगिता**

1. स्वयं को पहचानने से सहायक
2. बालक को पहचानने में सहायक
3. शिक्षक के दृष्टिकोण को उन्नत व व्यापक बनाने में सहायक
4. किसी भी प्रकार की कक्षा में शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ जागृत करने में सहायक ।
5. बालकों के प्रति प्रेम सहानभूति व समदृशी भाव अपनाने में सहायक ।
6. बालकों के चहुँमुखी विकास के लिए उचित शिक्षक विधियाँ अपनाने में सहायक ।
7. बालकों को अभिप्रेरित करते हुए उनमें रूचि जागृत करना ।
8. मूल्यांकन की नई नई विधियों का प्रयोग करना चाहिए

विजेन्द्र राठौड़

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

इकाई :– 2

अधिगम

- **सिखना किसी क्रिया /स्थिति के प्रति – सक्रिया प्रतिक्रिया/अनुक्रिया**

- **स्कीनर के अनुसार** :– ''सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामजंस्य की प्रक्रिया है।''
- **वुडवर्थ के अनुसार** :– ''नवीन ज्ञान और नवीन प्रतिक्रियाओं को प्राप्त करने की प्रक्रिया सीखने की प्रक्रिया है।''
- **गेट्स एवं अन्य के अनुसार** :– ''सीखना अनुभव और प्रशिक्षण द्वारा व्यवहार में परिवर्तन है।''
- **क्रों एण्ड क्रों के अनुसार** :– ''सीखना आदतों ज्ञान और अभिवृत्तियों का अर्जन है।''

अधिगम की विशेषताएँ :–

1. अधिगम जीवन पर्यन्त चलता है।
2. अधिगम उद्देश्य पूर्ण है।
3. अधिगम व्यवहार में परिवर्तन
4. अधिगम विकास है।
5. अधिगम अनुकूलन हैं।
6. अधिगम सार्वभौमिक हैं।
7. अधिगम विवेकपूर्ण हैं।
8. अधिगम निरन्तर है।
9. अधिगम खोज करना।
10. अधिगम सक्रिय प्रक्रिया है।
11. अधिगम व्यक्तिगत व सामाजिक होता है।
12. अधिगम एक नया कार्य है।
13. अधिगम अनुभवों का संगठन है।
14. अधिगम वातावरण की उपज है।
15. अधिगम विकास है।

अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक व दशाएँ :–

1. वातावरण
2. परिपक्वता :–
3. बालको का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य
4. विषय सामग्री का स्वरूप ।
5. सीखने का समय व थकान ।
6. प्रेरणा

विजेन्द्र राठौड़

7. सीखने की इच्छा
8. अध्यापक व सीखाने की प्रक्रिया ।
9. सीखने की विधि
10. सम्पूर्ण परिस्थिति

➢ अधिगम के सिद्धांत /नियम :–

➢ **रायर्बन के अनुसार** :– ''यदि शिक्षण विधियों मे इन नियमों व सिद्धांत का अनुसरण किया जाता है। तो सीखने का कार्य अधिक संतोष होता है।''

➢ **थार्नडाइक के सीखने के नियम** :– इन्होने कुल सीखने के 8 नियम दिए / जिसमें 3 प्रमुख व 5 गौण या सहायक नियम दिए ।

➢ **मुख्य नियम** :–

1. **तत्परता का नियम** :– किसी कार्य को करने के लिए व्यक्ति तत्पर रहता है तो आसानी से कर पाएगा या तत्काल कर देगा ।
   उदाहरण :– घोडे को पानी के तालाब तक ले जाया तो जा सकता है, लेकिन पानी पीने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता क्योकि घोड़ा पानी पीने के लिए तत्पर नहीं है।

2. **अभ्यास का नियम** :– करत–करत अभ्यास ते जडमति होत सुजान
   (i) उपयोग का नियम :– यदि कोई कार्य पहले किया हुआ है और जब उसकों दुबारा किया जाता है तो वह हमारे मस्तिष्क में पुनः आ जाता है, अर्थात स्थाई हो जाता है।
   (ii) अनुपयोग का नियम :– यदि किसी किए हुए कार्य को पुनः नहीं करते है। तो हमारा मस्तिष्क उसे भूला देता है

3. **प्रभाव/सन्तोष/असंतोष का नियम** :– यदि किसी कार्य को करने पर हमें संतोष प्राप्त होता है। तो हम उस कार्य को दुबारा करेगे। और यदि कार्य को करने पर हमें असंतोष होता है। तो हम उस कार्य को दुबारा नहीं करेगे।

गौण या सहायक नियम :–

4. **बहुप्रतिक्रिया का नियम** :– कोई नया कार्य करने के लिए कई प्रकार की प्रतिक्रियाओं को अपनाया जाता हैं तथा उसमें से सही प्रतिक्रिया का पता लगाकर भविष्य में काम लेता हैं।
5. **मनोवृत्ति का नियम** :– किसी कार्य को जिस मनोवृत्ति से (मन या मेहनत) से करेगे। वैसी ही सफलता मिलेगी।
6. **आंशिक क्रिया का नियम** :– किसी कार्य को छोटे–छोटे भागों मे बाँटकर किया जाता हैं तो उस कार्य में सफलता अधिक मिलती हैं। उदाहरण :– सचिन तेंदुलकर

विजेन्द्र राठौड़

7. **आत्मीकरण का नियम** :– (सादृशीकरण) कोई नया कार्य करने पर किसी पुराने किये गये कार्य का ज्ञान नये ज्ञान में मिला देना।
8. सम्बन्धित परिवर्तन का नियम :– क्रिया का रूप तो वही रखा जाता हैं लेकिन परिस्थितियों में परिवर्तन कर दिया जाता हैं। जैसे :– पावलव का कुत्ता

➢ थाईडाइक के सीखने के सिद्धांत :–

सन – 1913 में

– U.S.A. में

Book – Education Psychology (शिक्षा मनोविज्ञान)

प्रयोग – बिल्ली पर (भूखी)

उद्दीपक – Stimulus (माँस का टुकडा/मछली का टुकडा)

सिद्धांत उपनाम :–

(1) प्रयास एवं त्रुटी का सिद्धांत

(2) प्रयत्न एवं भूल का सिद्धांत

(3) आवृत्ति (बार–बार) का सिद्धांत

(4) उद्दीपक (Stimulus) अनुक्रिया (Respones) का सिद्धांत

(5) S-R Bond का सिद्धांत

(6) सम्बन्धवाद का सिद्धांत

(7) अधिगम का बन्ध सिद्धांत

नोट :– एक विशेष स्थिति/उद्दीपक (Stimulus) होता हैं। जो उसे एक विशेष प्रकार की प्रतिक्रिया/अनुक्रिया (Response) करने के लिए प्रेरित करती है।

➢ इस प्रकार एक विशिष्ट उद्दीपक का एक विशिष्ट प्रतिक्रिया से सम्बंध स्थापित हो जाता हैं जिसे उद्दीपक प्रक्रिया (S-R Bond) द्वारा व्यक्त किया जाता है

➢ बिल्ली के समान ही बालक का चलना, चम्मच से खाना खाना, जूते पहनना।

➢ व्यस्क लोग भी ड्राईविग, टाई की गांठ, कोई खेल इसी सिद्धांत के अनुसार सीखते हैं।

➢ थाईडाइक के सीखने के सिद्धांत का शैक्षिक महत्व :–

(1) बड़े व मन्दबुद्धि बालको के लिए उपयोगी।

(2) धैर्य व परिश्रम के गुणों का विकास

(3) सफलता के प्रति आशा

(4) कार्य की धारणा स्पष्ट

(5) शिक्षा के प्रति रूचि

(6) गणित विज्ञान समाजशास्त्र आदि विषयों के लिए उपयोगी

विजेन्द्र राठौड़

(7) अनुभवों से लाभ उठाने की क्षमता का विकास

- **पुनर्बलन का सिद्धांत/ हल का सिद्धांत :–**

C.L. हल
निवासी :– U.S.A.

नोट :– इन्होंने यह सिद्धांत थार्नडाइक व पावलव पद्धति पर दिया। सन 1915 में अपनी पुस्तक Principles Behavere (प्रिन्सिपल बिहेवियर) में यह सिंद्धात दिया।

- यह सिद्धांत आवश्यकता पर बल देता हैं।
  प्रयोग :– बिल्ली/चुहे (थार्नडाइड पद्धति पर आधारित)

- नोट :– हल के अनुसार सीखना आवश्यकता की पूर्ति की प्रक्रिया के द्वारा होता हैं।

- हल ने इस सिंद्धात की व्याख्या करते समय बताया की प्रत्येक प्राणी अपनी आवश्यकता को संतुष्ट करने का प्रयास करता हैं। सीखने का आधार किसी आवश्यकता की पूर्ति की प्रक्रिया में होता है अर्थात कोई भी प्राणी उसी कार्य को सीखता है जिसमें उसकी किसी आवश्यकता की पूर्ति होती हैं।

- **स्किनर** :– ने हल के इस सिंद्धात को अधिगम का सर्व श्रेष्ठ सिंद्धात बताया हैं। क्योंकि यह आवश्यकता व प्रेरणा पर बल देता हैं। इसीलिए शिक्षार्थी को प्रेरित करके ही सिखाया जाता हैं।

- **शैक्षिक महत्व :–**
  (1) बालकों को प्रेरित किया जाता हैं।
  (2) यह सिद्धांत पाठ्यक्रम बनाते समय विद्यार्थियों की आवश्यकताओ पर बल देता हैं।
  (3) यह सिद्धांत कक्षा में पढाये जाने वाले प्रकरणों के उद्देश्यों को स्पष्ट करने पर बल देता हैं।
  (4) पुरुस्कार व दण्ड की व्यवस्था और प्रेरणा
  (5) उद्देश्य व लक्ष्य स्पष्ट होते हैं।

उपनाम :– प्रबलन का सिद्धांत
अर्न्तनोद न्यूनता का सिद्धांत
सबलीकरण का सिद्धांत
यथार्थ अधिगम का सिद्धांत
सतत अधिगम का सिद्धांत
क्रमबद्ध अधिगम का सिद्धांत
चालक न्यूनता का सिद्धांत

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

बान्डुरा का सामाजिक अधिगम सिद्धांत :–

➢ **प्रतिपादक** :– अलबर्ट बान्डुरा
➢ **निवासी** :– कनाडा
➢ **जन्म** :– 1925 (4 दिसम्बर 1925)
➢ **सिद्धांत दिया** :– 1977 में
➢ **बान्डुरा द्वारा किए गए प्रयोग** :– बॉबीडॉल, जीवित जोकर (फिल्म)
➢ **सामजिक अधिगम का अर्थ** :– दूसरों को देखकर उनके अनुरूप व्यवहार करनें के कारण व दुसरों के व्यवहार को अपने जीवन में उतारने तथा समाज द्वारा स्वीकृत व्यवहारों को धारण करने तथा अमान्य व्यवहारों को त्यागने का कारण ही सामाजिक अधिगम कहलाता हैं।
➢ **नोट**:– इस सिद्धांत में अनुकरण द्वारा सीखा जाता है।

➢ **बान्डुरा ने अपने सिद्धांत में 4 पद बताए।**

1. **अवधान** :– निरिक्षणकर्त्ता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मॉडल आकर्षक, लोकप्रिय, रोचक व सफल होना चाहिए।
2. **धारण** :– व्यक्ति व्यवहारों को अपने मस्तिष्क में प्रतिमानों के रूप में व शाब्दिक वर्णन के रूप में ग्रहण कर लेता हैं।
3. **पुनः प्रस्तुतिकरण** :– जिसको हम ध्यान से देखकर धारण करते है। और धारण करने के बाद में उसे पुनः प्रस्तुतिकरण करेंगे।
4. **पुनर्बलन** :– जहाँ सकारात्मक पुनर्बलन मिलने पर हम उस कार्य को दुबारा करेगे। और नकारात्मक पुनर्बलन मिलने पर हम उस व्यवहार को दुबारा नही करेगे।

➢ बान्डुरा द्वारा बताए गए सामाजिक अधिगम सिद्धांत में व्यक्ति अपने आपको निम्नलिखित क्रियाओं द्वारा संतुलित रखता हैं।

1. **स्व नियन्त्रण** :– इसके तीन भाग होते है।
   (1) स्व निरोक्षण :– अपने आप के व्यवहारों को देखकर निरीक्षण करना।
   (2) विवेकपूर्ण निर्णय :–
   (3) स्व अनुक्रिया :–
2. **स्व निर्देशन** :– अधिगमकर्त्ता स्व निर्देशन द्वारा अपने व्यवहार को निर्देशित करने की प्रभावी युक्ति का प्रयोग कर सकते है।
3. **स्व पुनर्बलन** :– नकारात्मक व सकारात्मक पुनर्बलन के द्वारा भी व्यक्ति अपने व्यवहारों को निर्देशित कर सकता हैं।

समाजिक अधिगम का शैक्षिक महत्व :–

1. शिक्षक छात्रों के सामने आदर्श व्यवहार वाले प्रतिमान (मॉडल) प्रस्तुत करे।
2. बुरे व्यवहार उपस्थित ना होने दे।
3. स्व नियन्त्रण की विधि अपनाए।

विजेन्द्र राठौड़

4. अध्यापक विश्वास दृढ़ करने वाले संदेश देकर व अन्य व्यक्तियों की सफलताओं को दिखाकर तथा स्वयं के अनुभवों द्वारा विद्यार्थियों में स्व प्रभावशीलता का विकास कर सकते हैं।

क्रिया–प्रसुत का अधिगम् सिद्धांत :–

निवासी :– U.S.A.
प्रतिपादक :– B.F. स्किनर
सन :– 1938
प्रयोग :– चुहे (1938) व कबूतर (1943) पर

- **नोट** :– यह सिद्धांत थार्नडाइक के प्रभाव के नियम पर आधारित हैं।
- स्किनर ने अपने आधार पर बताया कि प्राणी सीखते समय दो प्रकार के व्यवहार करता हैं।

  (A) एक प्रकार के व्यवहार में उद्दीपक की जानकारी होती है इसे अनुक्रियात्मक व्यवहार और ज्ञात उद्दीपक के प्रति होने वाली अनुक्रिया प्रकाशित अनुक्रिया कहलाती हैं।
  (B) दूसरे प्रकार के व्यवहार में उद्दीपक की जानकारी नही होती है इसे क्रियाप्रसूत व्यवहार और अज्ञात उद्दीपक के प्रति होने वाली अनुक्रिया निर्गमित या उत्सर्जित क्रिया कहते हैं।

- स्किनर का मत हैं यदि इस प्रकार अनुक्रियाओं को पुर्नबलित (बल प्रदान करना) कर दिया जाए तो वे बलवति हो जाती है। और व्यवहार में स्थाई परिवर्तन लाती है।

- **नोट** :– स्किनर का मत है कि अनुक्रिया के लिए सदैव उद्दीपक होना आवश्यक नही हैं। कभी–कभी उद्दीपक की अनुपस्थिति में अनुक्रिया होती हैं।

- इसलिए स्किनर के बारे में कहा गया हैं कि इन्होंने परम्परागत थ्योरी (S-R) को R-S में परिवर्तन कर दिया।

शैक्षिक महत्व :–

1. अवांछित व्यवहारों को नकारात्मक पुनबर्लन प्रदान करके रोका जा सकता हैं।
2. अध्यापक छात्रों के वांछित व्यवहार को प्रशंसा पुकस्कार प्रोत्साहन और अपनी सहमती से पुर्नबलित कर दे तो विद्यार्थी ऐसे व्यवहार को बार–बार करना चाहेगा।
3. विद्यार्थी को तत्काल पुनबर्लन देना चाहिए।
4. शिक्षार्थी का परिणाम शीघ्रातिशीघ्र घोषित करना चाहिए।
5. अभिक्रमित अनुदेशन, कम्प्युटर सहायक, शिक्षण मशीन आदि में पुनबर्लन देने के लिए इसी सिद्धांत का प्रयोग किया जाता हैं।

उपनाम :–

1. R.S. का सिद्धांत
2. सक्रिय अनुबंधन का सिद्धांत

विजेन्द्र राठौड़

3. व्यवहारिक सिद्धांत
4. नेमेन्तिकवाद का सिद्धांत
5. कार्यात्मक प्रतिबधता का सिद्धांत

➢ **एक रेखिय अभिक्रमित अनुदेशन :–**

प्रतिपादक – BF स्किनर

सन – 1952

➢ **शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन :–**

प्रतिपादक – नार्मन ए क्राउड

सन – 1960

➢ **मैथेमेटिक्स या अवरोधी अभिक्रमित अनुदेशन :–**

प्रतिपादक – थॉमस एफ गिलबर्ट

सन – 1962

➢ **नोट :–** भारत में पहली बार प्रयोग इलाहाबाद में 1969 में किया गया।

विजेन्द्र राठौड़

पावलव का अनुकूलित अनुक्रिया सिद्धांत :–

प्रतिपादक	:– I.P. पावलव / शरीर शास्त्री
निवासी	:– रूस
सिद्धांत	:– 1904
नोबल पुरस्कार मिला	:– 1904
प्रयोग	:– कुत्ते पर

U.C.S. - Unconditional Sitimulus (स्वभाविक उद्दीपक भोजन)
C.S. - Conditional Sitimulus अवस्भाविक उद्दीपक (घन्टी की आवाज)
U.C.R.- Unconditional Response (स्वभाविक अनुक्रिया लार)
C.R. - Conditional Response (अस्वभाविक अनुकूलित अनुक्रिया / अनुबांधित)

I अनुकूलन से पूर्व

स्वभाविक उद्दीपक (भोजन)	स्वाभाविक अनुक्रिया (लार)
U. C. S.	U. C. R.
अनानुबधित उद्दीपक	अनानुबंधित अनुक्रिया

II अनुकूलन के दौरान

अस्वभाविक उद्दीपक (घन्टी)	+	स्वभाविक उद्दीपक (भोजन)	स्वभाविक अनुक्रिया (लार)
C. S.		U. C. S.	U. C. R.
		अनानुबधित उद्दीपक	अनानुबधित अनुक्रिया

III अनुकूलन के बाद

अस्वभाविक उद्दीपक (घन्टी)	स्वभाविक अनुक्रिया (लार)
C. S.	C. R.
अनुबधित उद्दीपक	अनुबंधित अनुक्रिया व अनुकूलित अनुक्रिया

- नोट :– अनुकुलित अनुक्रिया का अभिप्रायः– अस्वभाविक उद्दीपक के प्रति स्वभाविक अनुक्रिया होना।

उपनाम :–

1. शरीर शास्त्री का सिद्धांत
2. शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत
3. क्लासिकल सिद्धांत / क्लासिकल अनुबंधन
4. अनुबंधित अनुक्रिया का सिद्धांत

विजेन्द्र राठौड़

5. सम्बन्ध प्रतिक्रिया का सम्बन्ध
6. अनुकूलित अनुक्रिया का सिद्धांत
7. अस्वभाविक अनुक्रिया का सिद्धांत

शैक्षिक महत्व :–

1. भय निवारण मे सहायक
2. सामाजिकरण में सहायक
3. अनुशासन विकसित करने में सहायक
4. गणित शिक्षण में सहायक
5. अभिवृत्ति विकास में सहायक
6. स्वभाव व आदत निर्माण में सहायक

विजेन्द्र राठौड़

➢ कोहलर का अर्न्तदृष्टि या सूझ का सिद्धांत :–

प्रतिपादक :– मेक्स वर्दीमर

प्रयोगकर्त्ता :– कोहलर

प्रयोग किया :– चिम्पांजी / वनमानुस / सुल्तान

सहयोग कर्त्ता :– कोफ्का

प्रतिपादन :– 1912

प्रसिद्ध :– 1920

गैस्टाल्टवाद :– जर्मन भाषा का शब्द

अर्थ :– पूर्णाकारवाद (सम्पूर्ण से अंश की ओर)

- गैस्टालवादियों के अनुसार सीखना प्रयास व त्रुटी के द्वारा न होकर सूझ के द्वारा होता हैं।
- सूझ का अभिप्राय अचानक उत्पन्न होने वाले एक ऐसे विचार से है जो किसी समस्या का समाधान कर दे
- सूझ द्वारा सीखने के अन्तर्गत प्राणी परिस्थितियों का भली प्रकार से अवलोकन करता हैं। तत पश्चात अपनी प्रतिक्रिया देता हैं।
- सूझ द्वारा सीखने के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है और इस प्रकार के अधिगम में मस्तिष्क का सर्वाधिक प्रयोग होता हैं।

➢ शैक्षिक महत्व :–

1. समस्या का पूर्ण रूप से प्रस्तुतिकरण
2. तत्पर होना।
3. विषय वस्तु का उचित सगंठन व क्षमता के अनुसार विषय वस्तु।
4. रचनात्मक कार्यो के लिए उपयोगी।
5. कठिन विषय के लिए उपयोगी
6. कला संगीत साहित्य के लिए उपयोगी – क्रो एण्ड क्रो
7. लक्ष्य प्राप्ति में सहायक – ड्रेवर
8. समस्या – समाधान आधारित शिक्षा
9. स्वयं खोज कर सीखना

विजेन्द्र राठौड़

➢ जीन पियाजे का संज्ञानवादी सिद्धांत :—

निवासी :— स्विट्जरलैण्ड
सहयोगी :— बारबेल इन्हेलडर

जीन पियाजे ने संज्ञानात्मक पक्ष पर बल देते हुए संज्ञानवादी विकास का प्रतिपादन किया। इसीलिए जीन पियाजे को '' **विकासात्मक मनोविज्ञान** '' का जनक कहा जाता हैं।

➢ **विकास प्रारम्भ होता है** :— गर्भावस्था से जबकि संज्ञान विकास ''**शैशवास्था**'' से प्रारम्भ होकर जीवन पर्यन्त चलता रहता हैं।

➢ जीन पियाजे ने मानव संज्ञान विकास को चार अवस्थाओं के आधार पर समझाया है।

1. **संवेदी पेशिय अवस्था** :— (0—2 वर्ष)
   - ➢ इसे इन्द्रिय जनित अवस्था भी कहते है। इस अवस्था में शिशु अपनी संवेदनाओं व शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से सीखता हैं।
   - ➢ वह वस्तुओं को देखकर सुनकर, स्पर्श करके गन्ध के द्वारा तथा स्वाद के माध्यम् से ज्ञान ग्रहण करता हैं।
   - ➢ इस अवस्था में शिशु अपने हाथ—पेरों को चलाना व शब्दों को बोलना सिख जाता हैं।

2. **पूर्व संक्रियात्मक अवस्था या (पूर्व वैचारिक अवस्था)** :— उम्र :— (2—7 वर्ष)
   - ➢ इस अवस्था में शिशु दूसरों के सम्पर्क से, खिलौनों से व अनुकरण के माध्यम से ज्ञान ग्रहण करता हैं।
   - ➢ वह अक्षर लिखना, गिनती गिनना, रंगो को पहचानना वस्तुओं को क्रम में रखना, हल्की भारी वस्तु का ज्ञान होना, माता—पिता की आज्ञा मानना, पूछने पर नाम बताना और घर के छोटे—छोटे कार्यो में भाग लेना आदि कार्य करता हैं।
   - ➢ इस अवस्था में बालक तार्किक चिन्तन करने योग्य नही होता इसीलिए इसे अतार्किक चिन्तन की अवस्था कहते हैं।

3. **मूर्त संक्रियात्मक अवस्था** :— (7—12 वर्ष)
   वैचारिक अवस्था
   चिन्तन की तैयारी का काल
   - ➢ इस अवस्था में चिन्तन की शुरूआत हो जाती है। लेकिन उसका चिन्तन केवल मूर्त (प्रत्यक्ष) वस्तुओं तक ही सीमित रहता हैं। इसीलिए इसे मूर्त चिन्तन की अवस्था के नाम से जाना जाता हैं।
   - ➢ इस अवस्था में बालक दो वस्तुओं के बीच अन्तर करना, तुलना करना, समानता व असमानता बताना सही व गलत में भेद करना आदि सीख जाता हैं।
   - ➢ इस अवस्था में बालक दिन तारीख, महीना, वर्ष आदि बताने में योग्य हो जाता हैं।

4. **औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था** :— (12—15 वर्ष)
   - ➢ इस अवस्था में किशोर मूर्त के साथ—साथ अमूर्त चिन्तन करने योग्य भी हो जाता हैं इसीलिए इसे तार्किक अवस्था भी कहते हैं।

विजेन्द्र राठौड़

- इस अवस्था में चिन्तन करना, कल्पना करना, निरीक्षण करना, समस्या–समाधान करना आदि मानसिक योग्यताओं का विकास हो जाता हैं।

जीन पियाजे का शिक्षा में योगदान :–

1. बाल केन्द्रित शिक्षा पर बल दिया।
2. शिक्षक के पद को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षक को बालक की समस्या का निदान करना चाहिए और बालको को उचित वातावरण प्रदान करना चाहिए।

स्किमा :– जीन पियाजे ने बुद्धि को जीव विज्ञान को स्कीमा की भांति बताया है

- मानसिक सरंचनाा को व्यवहारगत समानान्तर प्रक्रिया जीव विज्ञान में स्कीमा कहलाती हैं। अर्थात किसी उद्दीपक के प्रति विश्वसनिय अनुक्रिया को स्कीमा कहते हैं।

विजेन्द्र राठौड़

अधिगम् स्थानान्तरण

प्रतिपादक :– थार्नडाइक

अर्थ :– एक स्थिति मे सीखा हुआ ज्ञान किसी दूसरी स्थिति मे प्रयोग किया जाता हैं। उसे अधिगम स्थानान्तरण कहलाता हैं।

अधिगम स्थानान्तरण के प्रकार :–

1. **सकारात्मक स्थानान्तरण** :– धनात्मक/अनुकूल जब एक स्थिति में सीखा हुआ ज्ञान किसी दुसरी स्थिति में सहायक होता है।

   उदाहरण :– (1) साईकिल चलाने वाला स्कूटर आसानी से सीख जाता हैं।
   (2) संस्कृत भाषा का ज्ञान हिन्दी विषय में सहायक

2. **नकारात्मक/ऋणात्मक/प्रतिकुल स्थानान्तरण** :– एक स्थिति में सीखा हुआ ज्ञान किसी दूसरी स्थिति में बाधा उत्पन्न करता हो उसे नकारात्मक स्थानान्तरण कहते हैं।

   उदाहरण :– (1) अमेरिका के ड्राइवर को भारत में ड्राइविंग करने में बाधा उत्पन्न होती है।
   (2) कला विषय के छात्र को गणित विषय पढ़ने में बाधा आएगी।

3. **शून्य स्थानान्तरण** :– जब एक स्थिति में सीखा हुआ ज्ञान किसी दूसरी स्थिति में न तो सहायक और न बाधा उत्पन्न करता हैं।

   उदाहरण :– कबीर के दोहे याद कर लेने पर भी रहीम के दोहे याद करने में उतना ही समय लगेगा।

अधिगम वक्र

अधिगम वक्र हम उसे कह सकते हैं जो सीखने के कम अधिक, शून्य आदि को प्रदर्शित करता हैं।

अधिगम वक्र चार प्रकार के होते हैं।

1. **सरल रेखिय वक्र** :–



जब सीखने की गति एक समान होती हैं, उसे सरल रेखिय वक्र से प्रदर्शित करते हैं।

2. **उन्नतोदर वक्र** :– इसमें आरम्भ में सीखने की गति तीव्र फिर धीरे–धीरे मंद हो जाती हैं।



3. **नतोदर वक्र** :– इसमें आरम्भ से सीखने की गति मंद हो जाती बाद में धीरे–धीरे तीव्र होती हैं।

विजेन्द्र राठौड़

4. **मिश्रित वक्र** :– उन्नतोदर व नतोदर का मिला जुला रूप।



- **अधिगम का पठार** :– जब सीखने की गति रूक जाती हैं। न तो उन्नति होती हैं न अवनति होती हैं।
- **अधिगम के अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत** :–

कुर्ट लेबिन का– क्षेत्र सिद्धांत
टॉलमेन का – उद्देश्यवाद या संकेतवाद का सिद्धांत
गुथरी – प्रतिस्थापन का सिद्धांत
कार्ल रोजर्स – अनुभवजन्य अधिगम सिद्धांत
अब्राहम मेसलो– मानवतावादी अधिगम सिद्धांत
मिलर – सुचना प्रक्रियाकरण का सिद्धांत
जेरोम ब्रुनर – सरंचनात्मक सिद्धांत/अन्वेषण सिद्धांत

विजेन्द्र राठौड़

इकाई 3

बाल विकास

- **आधिगमकर्त्ता का विकास/शारीरिक विकास/सामाजिक विकास संवेगात्मक विकास और अन्य**

1. **अभिवृद्धि** :– अभिवृद्धि का अभिप्राय कोशिकाओं में होने वाली वृद्धि/अभिवृद्धि के अन्तगर्त भार का बढना/ऊँचाई का बढ़ना, शारीरिक अगों के आकार में परिवर्तन आना, बालों का बढ़ना, नाखूनों का बढ़ना आदि शामिल है।

- **फ्रंक के अनुसार** :– ''कोशिकीय गुणात्मक वृद्धि ही अभिवृद्धि कहलाती है।''

2. **विकास** :– व्यक्ति में समग्र परिवर्तन ही विकास है। यहाँ परिवर्तन से तात्पर्य शारीरिक मानसिक व संवेगात्मक आदि से है। वास्तव में विकास भी अभिवृद्धियों का योग है। विकास के परिणाम स्वरूप प्राणी में नई–नई योग्यताएँ, विशेषताएँ, कार्यकुशलताएँ प्रदर्शित होती है।

जैसे :– हाथ पैर का बढ़ना, धड का बढना आदि अभिवृद्धि हैं लेकिन इसके कारण जो शारीरिक व मानसिक कार्यकुशलता उत्पन्न होती है उसे विकास कहा जाता है।

- **हरलॉक के अनुसार** :– ''विकास अभिवृद्धि तक ही सीमित नहीं है। इसकी अपेक्षा इसमें परिपक्व अवस्था के लक्ष्य और परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम निहित होता है।''

अभिवृद्धि और विकास में अन्तर :–

अभिवृद्धि	विकास
1. अभिवृद्धि का संबंध शरीर के किसी अंग अथवा उपअंगों में परिवर्तन से है।	1. विकास समस्त अंगों के समस्यात्मक समग्र का बोधक हैं
2. अभिवृद्धि एक निश्चित समय के बाद रूक जाती है।	2. विकास निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है।
3. अभिवद्धि का अर्थ सकुंचित है यह विकास की प्रक्रिया का अवयव (हिस्सा /भाग) मात्र है।	3. विकास का अर्थ व्यापक है । इसका सम्बन्ध न केवल शारीरिक पक्ष बल्कि संवेगात्मक सामाजिक , मानसिक आदि सभी पक्षों में है।
4. अभिवद्धि में व्यक्तिगत भेद पाये जाते है।	4. विकास में समानता होती हे। लेकिन इसकी दर / सीमा में अन्तर होता है।
5. अभिवृद्धि मात्रात्मक, प्रत्यक्ष व बाह्य होती है।	5. विकास अप्रत्यक्ष व आन्तरिक होता है। विकास गुणात्मक होता है।
6. अभिवृद्धि को नापा , तौला जा सकता हैं	6. विकास का अनुभव किया जा सकता है।

- **अभिवृद्धि एवं विकास के सिद्धांत** :–

1. निरन्तर विकास का सिद्धांत

2. विकास की विभिन्न गति का सिद्धांत

विजेन्द्र राठौड़

3. **विकास क्रम का सिद्धांत**

जैसे :–

भ्रूण का बनना

बालक का जन्म लेना

चलना – फिरना बोलना फिर पढना आदि।

4. **विकास की दिशा का सिद्धांत** :– सिर से पैर की ओर

उपनाम :–

मस्तकोध मुखी

शिरोपुँज विकास :– सिर से पैर की और

केन्द्रीय परीधिय विकास

निकट दूर का विकास

5. **एकोकरण का सिद्धांत :–**
6. **परस्पर सम्बन्ध का सिंद्धात :–**

शारीरिक विकास

मानसिक विकास

संवेगात्मक विकास

सामाजिक विकास

नैतिक विकास

7. **सामान्य एवं विशेष प्रतिक्रिया का सिद्धांत :–**
8. **समान प्रतिमान (मॉडल) का सिद्धांत**
9. **वंशानुक्रम एवं वातावरण की अंतःक्रिया का सिंद्धात :–**
10. **परिमार्जिता का सिद्धांत (लाभ के साथ)**

विकास की अवस्थाएँ :–

शैक्षणिक दृष्टिकोण से विकास की अवस्थाओं में निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

1. **शैशवावस्था**	:– जन्म से लेकर 5 से 6 वर्ष तक
2. **बाल्यावस्था**	:– 5 से 6 वर्ष से 12 वर्ष तक
(1) पूर्व बाल्यावस्था	:– 6 से 9 वर्ष तक
(2) उत्तर बाल्यावस्था	:– 10 से 12 वर्ष तक
3. **किशोरावस्था**	:– 13 से 18 वर्ष तक
(1) पूर्व किशोरावस्था	:– 13 से 16 वर्ष तक
(2) उत्तर किशोरावस्था	:– 16 से 18 वर्ष तक
4. **प्रौढ अवस्था**	:– 18 से अधिक

विजेन्द्र राठौड़

(1.) शैशवावस्था :– शैशवावस्था वह अवस्था है जो जन्म के पश्चात प्रारम्भ होती है, तथा 5 या 6 वर्ष की आयु तक चलती है।

- शैशवावस्था को जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था माना गया है। क्योकि इस काल में शिशु का जितना ज्यादा निर्देशक व नियन्त्रण किया जाता हैं। भावी जीवन की सफलता इसी बात पर निर्भर करती है।

क्रो एण्ड क्रो के अनुसार :– इन्होने 20 वीं शताब्दी को बालको की शताब्दी कहा क्योंकि इस शताब्दी में बालकों के विकास को लेकर विस्तृत एव गहन अनुसंधान प्रयोग किये गये है। और इसी के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि शैशवावस्था जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है।

शैशवावस्था के महत्वपूर्ण कथन :–

1. **वेलेंटाइन के अनुसार** :– शैशवावस्था सीखने का आदर्श काल है।
2. **थार्नडाइक के अनुसार** :– 3–6 वर्ष की आयु का बालक प्रायः अर्द्धस्वपनावस्था की अवस्था में रहते है।
3. **फ्रायड** :– व्यक्ति को जो कुछ भी बनना होता है वह चार पाँच वर्षो में बन जाता है।
4. **वाटसन** :– शैशवावस्था में सीखने की गति और विकास की सीमा अन्य अवस्था की तुलना में अधिक होती है।
5. **गैसल** :– प्रथम 6 वर्ष बालक बाद के 12 वर्ष का दुगुना सीख जाता है।
6. **गुडएनफ** :– व्यक्ति का जितना भी मानसिक विकास होता हैं उसका आधार 3 वर्ष की आयु तक हो जाता है।

शैशवावस्था की विशेषताएँ :–

1. शारीरिक विकास की तीव्रता
2. मानसिक विकास की तीव्रता
3. सीखने का आदर्श काल
4. सीखने की प्रक्रिया में तीव्रता
5. कल्पना की सजीवता
6. दूसरों पर निर्भरता
7. आत्म प्रेम/ स्व मोह की भावना
8. नैतिक गुणों का अभाव
9. मूल प्रवृत्तियों पर आधारित व्यवहार
10. काम शक्ति का प्रदर्शन
11. अनुकरण द्वारा सीखने की प्रक्रिया
12. जिज्ञासा की प्रवृत्ति
13. दोहराने की प्रवृत्ति
14. अन्तर्मुखी व्यक्तित्व
15. संवेगों का प्रदर्शन

विजेन्द्र राठौड़

- बाल्यावस्था :– 5–6 से 12 वर्ष
- बाल्यावस्था वह अवस्था है। जो 5–6 से प्रारम्भ होकर 12 वर्ष तक चलती है।
- बाल्यवस्था में विकास की गति मंद हो जाती है। इसका मंद होना भी आवश्यक होता है । क्योकि मंद गति के कारण इसके विकास में मजबूती आती है।

नोट :– बाल्यावस्था को गेंग ऐज कहा जाता है। और इसी उम्र में नेता बनने की योग्यता इच्छा रहती है।

बाल्यावस्था से सम्बधित महत्वपूर्ण कथनः :–

- कॉल व ब्रुश :– बाल्यावस्था को जीवन का अनोखा काल बताते हुए लिखा है।
  ''वास्तव में माता पिता के लिए बाल विकास की इस अवस्था को समझ पाना बहुत कठिन है।''
- रॉस के अनुसार :– बाल्यावस्था को मिथ्या परिपक्वता या छद्म काल कहा है।
- स्ट्रेग के अनुसार :– शायद ही ऐसा कोई खेल हो जिसे 10 वर्ष का बालक ना खेला हो ।
- किलपेट्रिक के अनुसार :– बाल्यावस्था को प्रतिद्विन्दात्मक सामाजिकरण का काल कहा है।
- ब्लेयर जॉन्स सिम्पसन :– ''बाल्यावस्था वह अवस्था है जिसमें एक व्यक्ति के बुनियादी दृष्टिकोण मूल्य आदि बहुत सीमा तक निर्धारित हो जाता है।''

शैक्षिण दृष्टिकोण से सम्पूर्ण जीवन चक्र में बाल्यावस्था से अधिक महत्वपूर्ण कोई अन्य अवस्था नहीं है।

- **बाल्यावस्था** :– 6–12 वर्ष

  विशेषताएँ :–

1. शारीरिक विकास में स्थिरता :– रॉस
2. मानसिक विकास में स्थिरता :– रॉस
3. मानसिक योग्यताओं में वृद्धि
4. वास्तविक जगत से सम्बधित :– रॉस
5. जिज्ञासा की प्रबलता
6. रचनात्मक कार्यों में आनन्द
7. समूह भावना का विकास :– रॉस
8. नैतिक गुणों का विकास :– स्ट्रेग
9. संग्रह करने की प्रवृति
10. निरूउद्देश्य भ्रमण की भावना
11. काम शक्ति की न्यूनता
12. रूचियों में परिवर्तन (काल/ब्रुश)
13. सामुहिक खेलों में रूचि
14. बर्हिमुखी व्यक्तित्व का विकास
15. संवेगों का दमन एंव प्रदर्शन

विजेन्द्र राठौड़

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

- **किशोरावस्था :–** 13 से 18 वर्ष

  Adolescence – लैटिन भाषा के Adolescere से बना है।

  अर्थ :– एडोलिसियर – प्रजनन या परिपक्वता का विकसित होना

- **किशोरावस्था के उपनाम :–**

1. तूफानों की अवस्था :– हॉल
2. जीवन का सबसे कठिन काल :– किल पेट्रिक
3. जीवन का बसन्त काल :– टीन एच
4. सुन्दर अवस्था ।

- किशोरावस्था वह अवस्था हैं जिसमें प्रजनन क्षमता विकसित हो जाती है। परिपक्वता का विकास हो जाता है । किशोरावस्था एक चुनौती पूर्ण अवस्था है। किशोरावस्था की सबसे बडी विडम्बना यह है कि किशोर अपने आप को बडा समझते है। और व्यक्ति उसे छोटा समझते है।

किशोरावस्था के महत्पूर्ण कथन :–

1. **स्टेनली हॉल** :– ''किशोरावस्था बडे संघर्ष, तनाव, दबाव, विरोध, झंझावत और तूफानों की अवस्था है ।''
2. **हॉल** :– किशोरावस्था एक नया जन्म है। क्योकिं इसी में श्रेष्ठतर व उच्चतर मानवीय विशेषताओं के दर्शन होते है।
3. **रॉस** :– ''किशोरावस्था शैशवावस्था का पुर्नवर्तन कॉल है''
4. **किल पेट्रिक** :– ''इस बात पर कोई मतभेद नहीं हो सकता कि किशोरावस्था जीवन का सबसे कठिन काल है या कठिन सीढी है''
5. **क्रो/क्रो** :– ''किशोर ही वर्तमान की शक्ति व भावी शक्ति है। आशा को प्रदर्शित करता है।''

- **विशेषताएँ :–**

1. शारीरिक व मानसिक विकास में तीव्रता (बिग एण्ड हण्ट)
2. घनिष्ठ व व्यक्तिगत मित्र बनते है।(वेलेनटाइन)
3. व्यवहार में विभिन्नता
4. स्थिरता एवं समायोजन का अभाव (रॉस)
5. वीर पूजा की भावना – किसी को अपना आदर्श मानना
6. ईश्वर व धर्म में विश्वास
7. अपराध प्रवृत्ति का विकास
8. काम शक्ति में परिपक्वता
9. स्वतन्त्रता व विद्रोह की भावना
10. व्यवसाय चयन की चिन्ता
11. रूचियों में परिवर्तन एवं स्थिरता
12. समाज सेवा की भावना

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

विकास के प्रकार :–

- **शारीरिक विकास** :– शारीरिक विकास का अभिप्राय शारीरिक अंगों के विकास में आकार में होने वाले परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली शारीरिक कार्य कुशलता है।

शैशव अवस्था में शारीरिक विकास :–

1. **भार** :– नवजात शिशु (बालक) का भार :– 7.15 पौण्ड या 3 किलो 245 ग्राम
   नवजात शिशु (बालिका) का भार :– 7.13 पौण्ड या 3 किलो 240 ग्राम
   प्रथम 4–6 माह में भार दुगुना व 1 वर्ष के अन्त में तीगुना हो जाता है।

- दूसरे वर्ष में भार आधा पौण्ड प्रतिमाह की दर से बढता है और शैशव अवस्था के अंत में 38–43 पौण्ड हो जाता है।

2. **लम्बाई** :– नवजात शिशु (बालक की ऊचाई) 20.5 इंच होती है।
   नवजात शिशु (बालिका की लम्बाई) 20. इंच होती है।
   प्रथम वर्ष में लम्बाई 10–12 इंच बढती है तथा बाद में गति धीमी हो जाती है।

3. **सिर का आकार व मस्तिष्क का भाग** :– नवजात शिशु के सिर का आकार उसकी कुल लम्बाई का 1/2 या 25% होता हैं।
   प्रथम दो वर्ष में सिर का आकार तेज गति से बढता है लेकिन इसके बाद धीमी गति से बढता हैं।
   नवजात शिशु के मस्तिष्क का भार 350 ग्राम होता है।
   प्रथम दो वर्ष में यह दुगुना हो जाता है।

   5 वर्ष की आयु में परिपक्व मस्तिष्क का 80% विकास हो जाता हैं।

4. **दाँत** :– जब शिशु छः महीने का होता है तो दूध के दाँत निकलने प्रारम्भ हो जाते हे। सर्वप्रथम नीचे वाले आगे के दो दाँत आते है । जिनकी संख्या 1 वर्ष के अन्त में 8 दाँत हो जाते है। और 4–5 की आयु में सभी (20) दूध के दाँत निकल जाते है।

5. **हड्डियाँ** :– जब नवजात शिशु का जन्म होता है तो हड्डियों की संख्या 270 होती हैं।
   ये हड्डियाँ कोमल व लचीली होती है, जो भली प्रकार से जुडी हुई नहीं रहती है। लेकिन केल्सियम, फास्फोरस जैसे तत्वों के कारण दिन प्रतिदिन हड्डियाँ मजबूत होती है। इसे अस्थि निर्माण कहते है।

- **अन्य अंग** :– नवजात शिशु की मांसपेशियों का भार कुल भार 23 % होता है।
  नवजात शिशु के हृदय की धड़कन 1 मिनट में 140 बार धड़कती हे।
- **टाँगें** :– डेढ़ गुनी भुजाएँ, दो गुनी हो जाती है।

विजेन्द्र राठौड़

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

➢ बाल्यअवस्था में शारीरिक विकास :–

भार :– बालक या बालिका दोनों का भार बढ़ता है और भार 80 से 95 पौंड हो जाता है।
ऊंचाई :– ऊँचाई बहुत धीमी गति से बढ़ती हैं ऊँचाई में कुल वृद्धि 10–12 इंच होती है।

- **सिर का आकार व मस्तिष्क का भार** :– 9 वर्ष की आयु में सिर का आकार प्रौढ़ सिर का 90 % हो व 10 वर्ष की आयु में प्रौढ़ सिर का आकार 95% हो जाता है।
  मस्तिष्क का भार 9 वर्ष की आयु में लगभग 90% हो जाता है।

- **दाँत** :– 6 वर्ष की आयु से दूध के दाँत गिरने प्रारम्भ हो जाते है। व 11 व 12 वर्ष की आयु तक सभी दूध के दाँत गिर जाते हे। व उनके स्थान पर स्थाई दाँत आ जाते है।

- **हड्डिया** :– छोटी छोटी हड्डियों के बनने के कारण हड्डियाँ की संख्यों की संख्या 270 से बढकर 350 हो जाती है।

- **अन्य अंग** :– 9 वर्ष की आयु में मांसपेशियों का भार 27% और 12 वर्ष की आयु में मांसपेशियों का भार 33% हो जाता है।
  6 वर्ष की आयु में ह्रदय की धडकन 1 मिनट में 100 बार हो जाती है।
  12 वर्ष की आयु में 85 बार हो जाती हैं
  यौन अंगों का विकास हो जाता है।

किशोरावस्था में शारीरिक विकास :–

- **भार** :– किशोर व किशोरियों दोनों का भार बढता हैं और भार में अन्तर 25 पौण्ड का होता है।
- **ऊंचाई** :– 16 वर्ष की आयु तक किशोरियां अधिकतम ऊँचाई ग्रहण कर लेती है। जबकि किशोर 18 वर्ष के बाद भी बढते है।

- **सिर का आकार व मस्तिष्क का भार** :– सिर अपना प्रौढ आकार ग्रहण कर लेता है। और मस्तिष्क का भार 1200 से 1400 ग्राम हो जाता है।
- **दाँत** :– यहाँ दाँतों की संख्या 28 हो जाती है। और प्रज्ञा दंत (अक्ल दांत) आने होते है। जिनकी संख्या 4 होती है। किशोरावस्था के अन्त में या प्रौढ अवस्था के प्रारम्भ में आ जाते है।
- **हड्डिया** :– छोटी छोटी हड्डियों के जुडने के कारण हड्डियों की संख्या 206 रह जाती हें
- **अन्य अंग** :– हदय की धडकन 1 मिनट में 72 बार होती है और यौन अंगों का पूर्ण विकास हो जाता है।
  मांसपेशियों का भार कुल भार का 44% हो जाता हैं ।

विजेन्द्र राठौड़

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

मानसिक विकास :–

- **मानसिक विकास** :– मानसिक विकास का अभिप्राय मानव ज्ञान भण्डार में वृद्धि होना और उसे नवीन परिस्थितियों में काम लाने की योग्यता के विकसित होने से हे। इसके अन्तर्गत विभिन्न मानसिक शक्तियों, चिन्तन, मनन, तर्क, समस्या, समाधान, निर्णय लेना आदि का विकास शामिल है।
- शैशव अवस्था में मानसिक विकास
- **सारेन टेलफोर्ड के अनुसार** :– शिशु जैसे–जैसे प्रतिदिन, प्रतिसप्ताह, प्रतिमाह, प्रतिवर्ष बढ़ता जाता हैं। उसकी शक्तियों में परिवर्तन आ जाता है।
- **जन्म के समय व प्रथम सप्ताह** :–
  जॉन लॉक के अनुसार :– जब शिशु का जन्म होता है तो उसका मस्तिष्क कोरे कागज के समान होता है जिस पर वह धीरे–धीरे अनुभव दिखता हैं।

- **द्वितोय सप्ताह** :– शिशु प्रकाश व चमकीली वस्तुओं की तरफ आकर्षित होता है।
- **प्रथम माह** :– शिशु को कष्ट व भूख का अनुभव होने पर भिन्न–भिन्न प्रकार से रोता है।
- **द्वितोय माह** :– शिशु आवाज सुनने के लिए सिर घुमाता है। और सभी शोर ओर ध्वनियाँ उत्पन्न करता है ।
- **तीसरा महिना** :– अपनी माँ को पहचानने लगता है।
- **चौथा महिना** :– शिशु सभी पीड़ाओं व्यंजनों की ध्वनियाँ उत्पन्न करने लगता है।
- **पाँचवा व छठा महिना** :– शिशु अपना नाम समझने लगता हैं व प्रेम व क्रोध में अन्तर करने लगता है।
- **सातवा व आठवा महिना** :– शिशु अपनी पंसद का खिलौना छाँट लेता है।
- **नवा व दशवा महिना** :– खिलौना छिनने पर रोकर विरोध प्रकट करता है।

- ✓ **एक वर्ष**:– शिशु चार शब्द बोलने लगता है **''पा, मा, दा, का''**
- ✓ **दो वर्ष** :– दो शब्दों को बोलने लगता है । 2 वर्ष के अन्त में उसका शब्द भण्डार 100 से 200 शब्दों का हो जाता है।
- ✓ **तीन वर्ष** :– शिशु पूछने पर अपना नाम बता देता है। **सीधो** व **लम्बी** रेखा को देखकर वैसी बनाने की कोशिश करेगा।
- ✓ **चौथा वर्ष** :– शिशु चार तक की गिनती गिन लेता है। छोटी व बडी रेखा में अन्तर बता देता है। अक्षर लिखना प्रारम्भ कर देता है।
- ✓ **पॉचवा वर्ष** :– शिशु भारी व हल्की वस्तुओं में अन्तर कर लेता है व 10, 11 शब्दों का जटिल वाक्य बोलता है।

- **बाल्यावस्था में मानसिक विकास** :–

उम्र :– 5 से 6 को 12 वर्ष तक

क्रो एण्ड क्रो के अनुसार :– ''जब बालक 6 वर्ष का होता है तब मानसिक योग्यताओं का पूर्ण विकास हो जाता है।''

6 वर्ष का बालक 13 – 14 तक गिनती गिन लेता हैं।

सामान्य प्रश्नों के उत्तर दे देता है व चित्र को देखकर बनी हुई वस्तुओं के नाम बता देता हैं

7 वर्ष :– बालक में अन्तर करने की योग्यता हो जाती हैं ।

विजेन्द्र राठौड़

8 वर्ष :— बालक छोटी छोटी कहानियों व कविताओं को दोहराने की योग्यता प्राप्त कर लेता है। व एक पेराग्राफ की कहानी से 5–6 प्रश्नों के उत्तर दे देता हैं।

9 वर्ष :— बालक को दिन, समय, दिंनाक, मुद्रा, नाप, तोल, गणना, द्रव्यमान, आयतन आदि के विषय में ज्ञान प्राप्त कर लेता है।

10 वर्ष :— बालक 3 मिनट में 60 से 70 शब्द बोलता है। वह दैनिक जीवन में जो नियम, परम्पराएँ होती है उनसे परिचित हो जाता है।

11 वर्ष :— बालक में निरीक्षण व जिज्ञासा की योग्यता विकसित हो जाती है।

12 वर्ष :— बालक में तर्क व समस्या समाधान की योग्यता विकसित हो जाती है।

मानसिक विकास किशोरावस्था :—

1. मानसिक स्वतन्त्रता
2. मानसिक योग्यताएँ प्राप्त हो जाती है।
3. ध्यान शक्ति का विकास
4. कल्पना शक्ति का विकास, अर्द्ध सपनों, मन तरंग का विकास
5. तर्क शक्ति का विकास
6. चिन्तन शक्ति का विकास
7. रूचियों की विविधता
8. बुद्धि का अधिकतम विकास

हारमोन के द्वारा	15 वर्ष तक
जोन्स व कोमाड	16 वर्ष तक
स्पीयरमेन	14 — 15 वर्ष तक

वुडवर्थ ने कहा :— ''15 से 20 वर्ष तक मानसिक विकास उच्चतम स्तर प्राप्त कर लेता है।''

➢ मानसिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक :—

1. वंशानुक्रम
2. परिवार का वातावरण
3. परिवार की सामाजिक स्थिति
4. माता–पिता की शिक्षा
5. विद्यालय का वातावरण
6. शिक्षक का व्यहार
7. शारीरिक स्वास्थ्य
8. समाज का वातावरण

विजेन्द्र राठौड़

समाजिक विकास :–

सामाजिक विकास का अर्थ :– सामाजिक सम्बन्धों में परिपक्वता प्राप्त करना हैं।

सामाजिक विकास अभिप्राय :– समाज स्वीकृत व्यवहार प्रतिमानों के सीखने की प्रतिक्रिया से है।

शैशव अवस्था में सामाजिक विकास :–

क्रो एण्ड क्रो के अनुसार :– जन्मजात शिशु ना तो सामाजिक प्राणी होता हे ना असामाजिक प्राणी होता हैं । लेकिन इस अवस्था में वह अधिक समय तक नही रह पाता है।

प्रथम महिना :– वह मानव की आवाज को नहीं पहचानता ।

द्वितीय महिना :– केवल मानव की आवाज को पहचानता ।

तीसरा महिना :– वह अपनी माँ को पहचानता हैं।

चौथा महिना :– शिशु अपने पास आने वाले व्यक्ति को बड़े ध्यान से देखता है। और यदि उसके साथ कोई खेलता है तो वह भी खेलता व मुस्कुराता है

पॉचवा व छठा महिना :– परिचित व अपरिचित व्यक्तियों को ध्यान से देखता है व पहचानने लगता हैं। प्रेम व क्रोध में अन्तर करने लग जाता है।

सातवा व आठवा महिना :– शिशु बोले जाने वाली आवाज का अनुकरण करता है।

नवा व दशवा महिना :– शिशु किए जाने वाले व्यवहार का अनुकरण करता है।

प्रथम वर्ष :– मना किए जाने वाले कार्य को नहीं करता हैं।

द्वितीय वर्ष :– परिवार का सक्रिय सदस्य बन जाता है और पारिवारिक कार्यों में भाग लेना प्रारम्भ कर देता हैं।

तीसरा वर्ष :– शिशु गली के बच्चों के साथ खेलना प्रारम्भ कर देता है।

चौथा वर्ष :– शिशु का व्यवहार आत्मकेन्द्रित होता है उसे किण्डर गार्डन विद्यालय में भर्ती करवा दिया जाता है। जहाँ पर वह नए सामाजिक सम्बन्धों की रचना करता है।

पाँचवा वर्ष :– शिशु अपनी वस्तुओं का आदान–प्रदान व साझा करना सीख जाता है।

विजेन्द्र राठौड़

- **बाल्यावस्था में सामाजिक विकास :–**
  1. बाल्यावस्था का बालक प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेता है। जिसकें कारण सर्वप्रथम वह स्वयं को नए वातावरण में समायोजित करता है।
  2. इसके बाद वह विद्यालय के क्रिया कलापों में भाग लेता है। जिससे उसके सामाजिक व्यवहार में उन्नति देखी जाती है।
  3. बालक का सामाजिक विकास सबसे ज्यादा क्रीडा समुह (खेल का मैदान) के कारण विकसित होता है।
  4. बाल्यावस्था का बालक अपने शिक्षक का सम्मान तो करता है । लेकिन उसकी परिहास करने की प्रवृति का दमन नहीं कर पाता है

- बाल्यावस्था का बालक अपने विद्यालय व परिवार और आस पास के व्यक्तियों के बारे में कोई गोपनीय बात का पता करना चाहता है। और उसको सबके सामने बताकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।

किशोरावस्था में सामाजिक विकास :–

- किशोर और किशोरियाँ एक–दूसरे के सामने अपनी श्रेष्ठ वेशभूषा व श्रृंगार के साथ उपस्थित होते है।
- किशोर समूह में रहने के कारण प्रेम, स्नेह, सहानुभूति, सहयोग, सदभावना, सहनशीलता आदि सामाजिक गुण विकसित हो जाते है।
- किशोर विभिन्न प्रकार की चिन्ताओं में व कार्यो में असफलताओं के कारण उसके सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है।

संवेगात्मक विकास

- अन्दर से गती करना या उतेजित होना ।
  अर्थ :– उत्तेजित दशा ।
  वुडवर्थ के अनुसार :– संवेग व्यक्ति की उत्तेजित दशा है।

  संवेग दो प्रकार के होते है।
  1. बुरे संवेग (निन्दनिय संवेग) :– क्रोध, घृणा, ईष्या, भय आदि।
  2. अच्छे संवेग (अनिन्दनिय सवेंग) :– प्रेम, हर्ष, आनन्द, करूणा, दया आदि ।

- **शैशवावस्था में संवेगात्मक विकास :–**
  ब्रिजेस के अनुसार :– जन्म के समय शिशु में उत्तेजना नाम का संवेग होता है। और 2 वर्ष की अवधि में सभी संवेग उत्पन्न हो जाते है।

- **स्पिट्रज के अनुसार** :– जन्म के समय शिशु में कोई संवेग नहीं होता । जैसे जैसे बालक के अंगों का विकास होता है। वैसे वैसे संवेगो का विकास हो जाता है।

  1. शिशु अपने जन्म के समय से ही अपने संवेगो का प्रदर्शन करता है।
  2. शिशु प्रारम्भ में संवेग अस्पष्ट करता है । तथा धीरे धीरे उनमें स्पष्टता आती है।

विजेन्द्र राठौड़

3. शिशु में संवेग अनिश्चित होते है।
4. शिशु में संवेग तीव्र आते है।
5. शिशु के संवेगात्मक अभिव्यक्ति का विकास धीरे धीरे होता है।
6. **एलिस क्रो** :— शिशु अपनों से बड़ों का संवेगात्मक व्यवहार का अनुकरण करता है। यही कारण हैं कि उसे उन सब बातों से डर लगता है। जिनसे उनसे बडे लोगों का डर लगता है।
7. **जोन्स** :— 2 वर्ष के शिशु को साँप से डर नहीं लगता क्योंकि उसमें भय नाम का संवेग विकसित नहीं हुआ होता। लेकिन वही शिशु 3 वर्ष का होने पर अंधेरें से व जानवरों से डरने लगता है। क्योंकि उसने डर नाम का संवेग विकसित हो जाता है।

➢ बाल्यावस्था में संवेगात्मक विकास :—

क्रो एण्ड क्रो :— सम्पूर्ण बाल्यावस्था में संवेगों की अभिव्यक्ति में निरन्तर परिवर्तन होते रहते है।

1. बाल्यावस्था में संवेग स्पष्ट व निश्चित होते है।
2. बाल्यावस्था में संवेगों की तीव्रता में अपेक्षाकृत कमी होती है।
3. बालक के संवेगात्मक विकास में विद्यालय का वातावरण व शिक्षक विशेष रूप से प्रभावित करता है। तथा परिवार का वातावरण ।
4. टोली या समूह में रहने के कारण बालक में ईर्ष्या, घृणा, द्वेष आदि बाधित संवेग आ जाते है।

➢ किशोरावस्था में संवेगात्मक विकास :—

1. दया, प्रेम, क्रोध, करूणा आदि संवेग स्थाई रूप से विकसित हो जाते है।
2. किशोर की शारीरिक शक्ति का उसकी संवेगात्क रूचि उसके व्यक्तित्व पर स्पष्ट रूप से प्रभाव डालती है।
3. जैसे जैसे किशोर का ज्ञान एंव इच्छाएँ बढती है संवेगो के उत्पन्न होने की परिस्थितियों में अन्तर आ जाता है।
4. किशोर विभिन्न प्रकार की चिन्ताओं में होता है जिसके कारण वह क्रोधी व चिड़चिडा हो जाता है।

विजेन्द्र राठौड़

EDUCATION PSYCHOLOGY

Notes By :- विजेन्द्र राठौड़

इकाई 4

व्यक्तित्व

(Personality) लैटिन भाषा के Persona (परसोना) से बना है जिसका अर्थ होता है। बाहरी आवरण/नकली चेहरा/नकाब/मास्क

प्राचीन समय में बाह्य रूप रेखा के आधार पर व्यक्तित्व परिभाषित किया जाता था।

